Issue 11
April 2022
www.rgfindia.org

RAJIV GANDHI FOUNDATION

Sadbhavana
DIGEST

Image Courtesy: Uploaded by Sonati on Pinterest

Sadbhavana Digest

Issue #11, April 2022

Contents

Editorial.....1

Amritras- Ek Sameeksha by Dr. Balram Shukl.....3

Sadbhavana with self.....8

‘Jaati na poocho sadhu ki’ by Mr. Rajneesh Bisht 9

“One Water in Many Vessels” Kabir in Popular Music (Excerpts) by Vivek Virani.....15

Sadbhavana with others.....21

Ṣūfī Altruism by Richard McGregor.....22

‘Isakrang’ by Ms. Shaheen.....29

Amir Khusro ka Rashtriya Chintan by Dr. Jang Bahadur Chaturvedi.....33

Seven Ṣūfī brothers- Dargah vernacular narratives and Konkani Ṣūfī-Muslims (Excerpts) by Deepra Dandekar.....38

Sadbhavana with Nature.....49

Depiction of Nature in Kabir’s Poetry by Dr. Priti Tripathi.....50

‘Barahmasa’ by Malik Muhammad Jayasi.....53

Ecological Ṣūfīsm concepts in the thought of Seyyed Hossein Nasr by Ahmad Sururi.....60

Benares Series Kabirdas | A creative Puppet Theater Production.....67

Benares Series Ravidas | A creative Puppet Theater Production.....67

Ṣūfī-Saints series Zoom Sessions links.....68

Editorial

Celebrating the 75th year of Independence, we at the Rajiv Gandhi Foundation, started a journey of exploring the various aspects of what formulates this country. This took us in several directions, from science to craft, environment to journalism, and literature to performance. Our extremely talented bunch of artists from Wonderoom participated very actively in this endeavour, and with guidance from Mr. Rajneesh Bisht and Mr. Anshu Malviya, presented a beautiful series on the history, philosophy, and artistic practices of various Ṣūfīs from South-Asia. This series encouraged us to look at Sadbhavana from the perspective of Ṣūfīsm, which has resulted into this Issue of our monthly digest.

Edited by several members of our team together, and featuring contributions from various sources, this Issue truly embodies the spirit of togetherness that Ṣūfīsm often advocates. Encouraged by the response to our previous Issues, we have tried to balance between academic writing as well as articles that are more accessible to readers of different age groups and from different backgrounds. As an editorial choice - in order to ensure that the length of this Issue doesn't overwhelm the reader - we have taken the liberty to extract some relevant sections from lengthier essays here. Such choices have been explained via Editor's Notes throughout this Issue. However, we do encourage the readers to study the complete texts in order to get better insight into the topics being discussed here. Along with these, a series of very interesting and informative videos enhances the interactive aspect of this Issue. As we often do, we have tried to address the three themes that run across several issues of our Sadbhavana Digest.

1) As the introduction to this Issue, we have Amritras- Ek Sameeksha by Dr. Balram Shukl, where Shukl, a Sanskrit scholar from Delhi University, discusses the syncretic nature of Ṣūfī poetry in detail, picking elements from Sanskrit as well as Persian poetry.

Sadbhavana with Self -

2) 'Jaati na poocho sadhu ki' written especially for this Issue by Mr. Rajneesh Bisht gives us a wonderful overview of various Ṣūfīs, their struggles with certain aspects of the society, as well as a glimpse of their immortal poetry.

3) "One water in many wessels" Kabir in popular music' from FIND THE TRUE COUNTRY: DEVOTIONAL MUSIC AND THE SELF IN INDIA'S NATIONAL CULTURE (unpublished dissertation) by Vivek Virani performs a very important study of contemporary popular culture and the influence of Ṣūfī Philosophy, using Kabir's renditions by musicians Bindhumalini and Vedanth as a case study.

Sadbhavana with Others-

4) Ṣūfī Altruism by Richard McGregor examines the concept of selflessness through human contact in a very engaging way through anecdotes.

5) ‘Isakrang’ – another piece written specifically for this Issue by Ms. Shaheen Shaikh expands on the concept of love and friendship in Ṣūfī Poetry.

6) Amir Khusro ka Rashtriya Chintan by Dr. Jang Bahadur Chaturvedi offers a unique reading of Khusro’s poetry through the lens of Nationhood.

7) In ‘Seven Ṣūfī brothers Dargah vernacular narratives and Konkani Ṣūfī-Muslims’, Deepra Dandeka goes into the concept of brotherhood and religious geography which is essential to discuss something like Ṣūfī movement, which emerged in particular socio-cultural milieu and has adapted accordingly with time in different regions.

Sadbhavana with Nature

8) Depiction of Nature in Kabir’s Poetry by Dr. Priti Tripathi is a unique piece that discusses the environmental conscience in Kabir’s poetry and encourages the reader to learn from it.

9) The ‘Barahmasa’ from Padmavat by Malik Muhammad Jayasi celebrates the tradition of describing nature as an extension of self through (usually) descriptions of Viyoga/Vipralambha Sringar, an often used device in Premmargi Bhakti Poetry.

10) Ecological Ṣūfīsm concepts in the thought of Seyyed Hossein Nasr by Ahmad Sururi and Arqom Kuswanjono connects Ismalic thought and philosophy with Environmental concerns.

These are followed by two beautiful puppet films that we have created in collaboration with Creative Puppet Theatre Trust, Benaras- Sant Raidas and Sant Kabir.

Finally, you will find the links to all the Zoom Sessions that have been organized as part of the Ṣūfī-Saints series so far.

In these difficult times, may the words of these Ṣūfīs give us sanity, may their music bring us together, and may their spirits provide us some much needed peace and healing.

अमृतरस : एक समीक्षा

बलराम शुक्ल
(संस्कृतविभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय)

हिन्दुस्तान ने सभ्यता के प्रभात काल से ही विभिन्न पन्थों, मतों, परम्पराओं और वैचारिक पद्धतियों का हृदय से स्वागत किया है। जो भी वस्तु या विचार शुभ है, भद्र है भारत ने उसे हमेशा से आमन्त्रित किया है। ऋग्वेद का ऋषि इसी कामना को "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः"[1] (सभी ओर से अच्छे विचार हमारी तरफ आयें) के रूप में व्यक्त करता है। इस प्रवृत्ति ने भारत को जीवन्त, रंगारंग और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध बनाया है। विभिन्न दिशाओं से आयी हुई परम्पराओं को भारत ने आत्मसात् करने के साथ साथ उनपर भी अपने गहरे चिह्न छोड़े हैं। ये पारस्परिक आदान प्रदान की प्रक्रिया वस्तुतः स्वस्थ तथा जीवन्त क़ौमों के लक्षण होते हैं। केवल अपनी छाप छोड़ देने की ज़िद आक्रान्ता होने की दलील है जबकि अपनी प्रकृति को बिल्कुल छोड़कर दूसरे में मह्व (लीन) हो जाना संस्कृति की निर्बलता का द्योतक है। भारतीय संस्कृति ने इन आगत संस्कृतियों का पोषण भी किया तथा साथ साथ खुद पोषित भी हुई। इस परम्परा ने अद्भुत सांस्कृतिक वातावरण की सृष्टि की तथा बड़े बड़े सन्त और सूफ़ी पैदा किये।

इस्लामिक परम्परा भारत में आगत वह परम्परा है जिसका रंग भारतीय जनमानस पर सम्भवतः सबसे चटख और देर तक रहने वाला है। इस्लाम भारत में केवल ग़ाज़ियों के द्वारा नहीं बल्कि सूफ़ियों और सन्तों के माध्यम से भी पहुँचा इसलिये कुछ अंशों में इसे स्वाभाविक स्वीकार्यता भी मिली। इस्लामी परम्परा का भारतीय परम्परा के साथ शीघ्र ही गंगा–जमुनी मिलन हो गया। इस मिलन के सबसे बड़े प्रमाण स्थापत्य, साहित्य तथा कला की अन्य विधायें है। सन्तों ने अपने मूल सिद्धान्तों से भटके बिना साहित्य में एक दूसरे के शब्दों, प्रतीकों, तथा शैलियों को स्थान देकर अपने कथ्य को परिचित तथा स्वीकार्य बनाने का प्रयत्न किया। उदाहरण के लिये कबीर ने अपने योग अथवा वैष्णव सिद्धान्तों में यथास्थान इस्लामिक शब्दावलियों तथा शैलियों का प्रयोग करके सर्वसुलभ बनाया। मलिक मुहम्मद जायसी, मञ्झन और कुतुबन जैसे कवियों ने भारतीय भाषा, शैली तथा प्रतीकों का प्रयोग करके इस्लाम के सिद्धान्तों को समझाने का प्रयास किया।

भारत की इसी समृद्ध आध्यात्मिक तथा साहित्यिक परम्परा में हम हज़रत शाह तुराब अली क़लन्दर की हिन्दी ठुमरियों को पाते हैं। इन गीतों में हर जगह भारतीयता की हृदयावर्जक सुगन्ध है। भारत के मौसम, रीति –रिवाज, त्यौहार तथा देवी देवताओं का सुन्दर काव्यात्मक प्रयोग इसे हिन्दुस्तानी दिलों के बहुत नज़दीक ला रखता है। स्पष्ट होता है कि रचनाकार का मन किस प्रकार भारत की मिट्टी से जुड़ा हुआ और इसकी सतरंगी समृद्ध सभ्यता पर मुग्ध रहा होगा। और इसके साथ साथ हर जगह इस्लामी तौहीद का आधार स्पष्ट है– बसन रँगैहों वाही के रंग में – और रंग सब दैहों बहाय। पूरा आशिक़ वह है जो हर रूप में, हर रंग में और हर जगह अपने महबूब को देख सके। बक़ौल ग़ालिब –जल्लाद से डरते हैं न वाइज़ से झगड़ते। हम समझे हुए हैं उसे, जिस भेस में वो आये। जब तक प्रेम का प्रवाह तीव्रता प्राप्त नहीं करता ज़बान और परम्पराओं के बन्धन टूटकर एकमेक नहीं हो पाते और उनकी असमर्थता ज़ाहिर नहीं हो पाती। महबूब जो कि इदराक की सरहदों से भी परे है उसे किसी एक खास ढाँचे में बाँध कर रखने की ज़िद भोलापन ही है। जब इश्क़ की शिद्दत बढ़ती है तो सारे ढाँचे टूट जाते हैं। सबसे पहले आशिक़ की ख़ुदबीनी और ख़ुदी शिकस्ता होती है। तब वह धन्यवाद के स्वर में कह उठता है – ख़ूब शुद सामाने ख़ुदबीनी शिकस्त। (अच्छा हुआ, यह अपने को देखने की सामग्री यह अहंकार टूट गया) और यह शिकस्तगी ही माशूक़ की नज़रों में महबूब और अज़ीज़ है – कि शिकस्ता हो तो अज़ीज़तर है निगाहे आइनासाज़ में[2] जब ख़ुदी का ढाँचा टूटा तो और कोई भी ढाँचा बरदाश्त नहीं होता और बाद में किसी ढाँचे का टूटना मुज़ायक़े का बाइस नहीं होता। सूफ़ियों का क़ौल है– 'दुनिया की सारी चीज़ें सही और सालिम हालत में अच्छी मानी जाती हैं, सिवाये दिल के जो कि जितना ज़ियादा टूटा हुआ हो, उतना ही मक़बूल (स्पृहणीय) होता है।' क्योंकि दिल का टूटना अहंकार का टूटना है, अपनी सीमाओं का ज्ञान और भान है। बौद्ध दार्शनिक मोक्षाकर गुप्त ने क्या ही अनमोल बात कही है- 'न हि अखण्डितः पण्डितो भवति'[3] (बिना टूटे कोई पण्डित नहीं बनता)

---

[1] ऋग्वेद १–८९–१

[2] इक़बाल।

[3] श्रीमद्भगवद्गीता १६.१

जिनका ईमान मुतज़ल्ज़ल (डावाडोल) होता है उनकी इबादत मशीनी हो जाती है। उसमें रस नहीं रह जाता। सहिष्णुता सूख जाती है। माबूद (उपास्य) को खो देने का, दीन से ख़ारिज हो जाने का डर समा जाता है। वह अपने से ज़ाहिरन अलग लगने वाली चीज़ों को वस्तुतः अलग समझने लगता है। डरा हुआ आदमी प्रेम नहीं कर सकता वह तो दूसरों को भी डराता है। और डरने वालों का महबूब की गली में कोई काम नहीं – उनका तो वहाँ प्रवेश ही निषिद्ध है – बर दरे माशूक़े मा तर्सन्देगान् रा कार नीस्त। फिर असहिष्णुता और तअस्सुब जन्म लेते हैं। जो मानवता की सबसे बड़ी दुश्मनों में से एक है।[5] इसीलिये तो श्रीकृष्ण ने तमाम[4] दैवी सम्पत्तियों में सबसे पहला स्थान अभय को दिया है।[6]

मर्दाने ख़ुदा ज़ाहिरी पिन्दार के पर्दे को हटा पाते हैं[7]। वे ईमान (मुखड़े) के साथ कुफ़्र (ज़ुल्फ़) को भी महबूब का जुज़्व ही समझते हैं क्योंकि उनके नज़दीक ग़ैरे महबूब किसी चीज़ का वजूद ही नहीं होता -ग़ैरे वाहिद हर[9] चे बीनी आन् बुत अस्त[8]। ठौर ठौर तुराब पिया है – जग मा नहीं कोऊ वाके सिवाय। उनका हृदय समन्दर की तरह विशाल होता हैं जिसमें सारी नदियाँ एकमेक हो जाती हैं बिना किसी बाहमी इख्तलाफ़ के। सारी इकाइया एक में विलीन हो जाती हैं - महबूब में।[10]

लेकिन समुद्र में तो नदियों का नाम रूप नहीं जान पड़ता जबकि सन्तों के हृदय में सभी इकाइयाँ अपना अस्तित्व बनाये हुए भी एक रहती हैं। उनकी व्यक्तिगतता पर कोई ख़तरा नहीं रहता फिर भी वे अपने मत वैभिन्न्य को छोड़ देते हैं। ऐसा सिर्फ़ परमेश्वर के अपने लोगों के हृदय में ही दीख पड़ता है।

हज़रत तुराब काकोरवी जब श्रीकृष्ण को अपने पीर या महबूब की शक्ल में पेश कर पाते हैं तो इसमें उनका वही विशाल हृदय और मज़बूत ईमान दीख पड़ता है। जहाँ ज़ाहिद को कुफ़्र दीखता है वहीं शाहिद अपना महबूब ढूँढ लेता है।[11]

श्रीकृष्ण तथा उनसे सम्बद्ध प्रतीकों का प्रयोग उनके काव्य में कृष्णमार्गी वैष्णव कवियों की तरह ही है। और यह महत्त्वपूर्ण विशेषता उन्हें सभी निर्गुण सन्त कवियों, चाहे वे प्रेममार्गी हों या ज्ञानमार्गी , से पृथक् करती है।

हज़रत तुराब काकोरवी फ़ारसी, अरबी आदि भाषाओं में सिद्धहस्त थे तथा इन सबकी काव्य परम्पराओं से सुपरिचित। उनके कलाम फ़ारसी भाषा में भी उपलब्ध होते हैं। परन्तु उर्दू कवियों के विपरीत अपनी हिन्दी कविता में उन्होंने फ़ारसी जगत् के काव्य प्रतीकों या रूढियों गुलो–बुलबुल, शीरीं–फरहाद आदि का प्रयोग नहीं किया है। उनके यहाँ तो बसन्त है, होरी है, वर्षा है, हिंडोला है, कोयल है, पपिहे की पियु पियु है, दादुर (मेढक) का शोर है और हिन्दुस्तान की अपनी विशेषता – रिश्तों की अहमियत – ननद तोरा बिरना, नन्द के लाला, जसमत के लंगरवा ये सभी प्रचुर मात्रा में हैं। इससे उनका काव्य ठेठ हिन्दुस्तानी सौंधी गन्ध से सुवासित हो गया है ।**और इसी में तुराब की तुराबिय्यत है**।[12] इसी क्रम में दिव्य अथवा लौकिक प्रेम को व्यञ्जित करने के लिये उनके उपमान लैला मजनूँ, शीरीं – फ़रहाद आदि नहीं बल्कि भारतीय रसिक जनों के प्राणभूत राधा– कृष्ण हैं जिनका बहाना लेकर भक्ति तथा रीति काल के हिन्दी कवियों ने अपने भक्ति और शृङ्गार सम्बन्धी उद्गार प्रकट किये हैं।[13] भारतीय जनमानस इनसे एक विशेष प्रकार की निकटता का अनुभव करता है चाहे वह किसी वर्ग या धर्म से सम्बन्धित हो। श्रीकृष्ण का साँवला रङ्ग भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधि रङ्ग है। उनकी सरस बातें, तिरछी चितवन, रंगारंग बानक भारतीय जनसमूह के हृदय में धँस गया है और कवियों का उपजीव्य स्रोत बन चुका है। हज़रत के काव्य में श्रीकृष्ण पूर्णतः रस्य तथा अनुभव कर सकने की सीमा तक वर्णित हुए हैं। यह वर्णन कबीरदास के – "केसौ कहि कहि कूकिये", गुरुग्रन्थसाहब के "साँवर सुन्दर रामैया मोर मन लागा तोहे" तथा कवीन्द्र रवीन्द्र के "एशो श्यामल शुन्दर" की अपेक्षा अधिक सरस, रंगीन तथा अनुभाव्य है। ऊपर उद्धृत काव्य केवल कृष्ण के नाम तथा प्रतीकमात्र का उपयोग करते हैं। इनमें कृष्ण अपने सर्वसामान्य रूप में नहीं आते और निर्गुण ब्रह्म की एक छवि उन पर हावी हो रहती है। वस्तुतः श्रीकृष्ण की छवि इस क़दर रंगीन है कि वे सगुणता की प्रतिमूर्ति ही प्रतीत होते हैं । यही कारण है कि भक्तिकालीन निर्गुण धारा के कवियों में परब्रह्म के प्रतीक के रूप में जितना राम का उपयोग किया गया है उतना कृष्ण का नहीं क्योंकि उन कवियों का लक्ष्य अन्ततः निर्गुण तत्त्व ही था।

---

4 دیوان شمس – رومی بر در معشوق ما ترسندگان را کار نیست -

5 گر تو لاف از عقل و از لب می زنی – پس چرا دم بر تعصب می زنی – عطار نیشابوری – منطق الطیر

6

7 فروغی بستامی - غزلیات - مردان خدا پرده ی پندار دریدند-یعنی همه جا غیر خدا یار ندیدند -

8 غیر واحد هر چی بینی آن بت است– مثنوی معنوی رومی

9 اندر دل مردان خدا دریا ییست- دیوان شمس- رومی

10 چون یکیها محو شد آنک تویی– مثنوی معنوی رومی

11 درآن جایی که بت را دید زاهد- همان جا چشم من الله بین است

12 तुराब – تراب का अर्थ अरबी में मिट्टी होता है ।

13 राधिका कन्हाई के सुमिरन कौ बहानौ है । (भिखारीदास– रीतिकालीन हिन्दी कवि)

इसके विपरीत तुराब के कृष्ण केवल ध्यानगम्य ही नहीं हैं बल्कि अपने पूरे सौन्दर्य के साथ सपार्षद विद्यमान हैं। उनके पास काली कामर (कम्बल), पिछौरी पाग (मोरपंख का मुकुट) है, मोहनी मूरत–सोहनी सूरत है और आँखें रसीली और लाजभरी हैं। वे ढीठ हैं, लंगर हैं। एक बार उनकी नज़र किसी पर लग गयी फिर छोड़ते नहीं। यहाँ जसमत (यशोमती) भी हैं,नन्द भी हैं,राधा – बृषभान किशोरी भी हैं, दूध–दही का बेचना भी है। उनसे रूठना है– जासो चाहें पिया खेलें होरी– मोसे नहीं कछु काम री गुइयाँ; मनाना है, उनके कठोर व्यवहार के लिये उलाहना देना है, उनकी जबरदस्ती के लिये उन्हें गालियाँ देना हैं। उनकी बेवफ़ाई का बखान है – तोरी प्रीत का कौन भरोसा– एक से तोरे एक से जोड़े। सौतिया डाह है – फाग मा भाग खुले सौतन के रीझे हैं उन पर श्याम री गुइयाँ॥ पछतावा है – ऐ दई नाहक पीत करी॥ राधा का विरह में पीला पड़ना है – कान्ह कुँवर के कारण राधा – तन से भई पियरी दुबरी॥ इन पुष्ट तथा सरस सचित्र वर्णनों के कारण तुराब के कृष्ण का निर्गुण ब्रह्म में पर्यवसान बहुत अन्त में हो पाता है।

तुराब के काव्य में कृष्ण के लौकिक तथा पारलौकिक अनेक प्रकार के रंग हैं। वह अधिकतर स्थानों पर पीरे कामिल (परिपूर्ण गुरु) के रूप में प्रकट होकर आये हैं। गुरु, शिष्य के अहंकार की चिरसञ्चित मटकी को फोड़ कर उसकी अन्तरात्मा को प्रेम रस में सराबोर कर डालता है। बिल्कुल वही जो कृष्ण गोपियों के साथ करते हैं। ज़बरदस्ती साधना के फाग में प्रेम का रंग लगाता है। वह अबीर घूँघट खोल कर मलता है। दूध–दही बेचने नहीं देता जैसे गुरु सांसारिक कार्यों से साधक को कुन्द कर देता है –फगवा माँगत रार करत है – कस कोई बेचे दूध दही॥ वह लाज हर लेता है – ताली बजावत धूम मचावत – गाली सुनावत लाज हरत है, बिलकुल मौलाना रूम के साक़ी की तरह – बरख़ीज ऐ साक़ी बिया – ऐ दुश्मने शर्मो हया॥ [14]

अनेक बार कृष्ण को परब्रह्म के प्रतीक के रूप में भी देखा जा सकता है। वह अपना मुख सबसे बचाये रखता है – कुंजुन् मख़फ़ीयुन् (كنج مخفى)[15] की तरह और रसिकों के मुँह पर अबीर मलता है। वह कान्ह कुँवर रूपी ब्रह्म ही है जिसके विरह में राधा रूपी जीवात्मा तन से पीली और दुबली हो जाती है।

इन गीतों में बसन्त शामिल है जो परम प्रिय द्वारा अपने आपको प्रकट करने का प्रतीक है, शाहाना है, जो जीव तथा ब्रह्म के पारस्परिक मिलन के क्षण को प्रकट करता है, मेंहदी है जो प्रिय से मिलन के लिये की जाने वाली साधनाओं को व्यञ्जित करता है तथा अन्त में बाबुल है जो इस भौतिक जगत् को छोडकर परा–भौतिक जगत् की यात्रा का प्रतीक है।

मौलाना जलालुद्दीन रूमी का कौल है कि सालिक (साधक) को या तो तरब नहीं तो तलब इन दो हालतों में से किसी एक में हमेशा रहना चाहिये। अगर महबूब का सुराग मिल गया हो तो तरब अर्थात् उत्सव और अगर महबूब ओझल है तो तलब अर्थात् खोज।[16] हज़रत के हिन्दी कलाम में इन दोनों हालतों की बाँकी झाँकी देखने को मिलती है। फ़िराक़ एक बड़ी दौलत है। जो साधक में विसाल की योग्यता पैदा करता है। सूफियों के अनुसार सम्पूर्ण सृष्टि जुज़्व (अंश) है जो अपने कुल (अंशी) से विरह की हालत में है।[17] विरले लोग इस विरह को जान पाते हैं और फिर उन्हें मिलने की ललक और जुदाई की तड़प घेर लेती है – सपने में आँख पिया संग लागी – चौंक पड़ी फिर सोई न जागी॥ अन्यत्र – बिरह की मारी मैं तो मरी ऐ दई नाहक पीत करी॥ सामान्य जन विरह के इस महत्त्व को नहीं जानते हैं, इसीलिये तो कबीर ने उसके सर्वोपरि स्वरूप की ओर चेताया है– बिरहा बिरहा जिन करौ बिरहा है सुलतान।

हज़रत तुराब काकोरवी के हिन्दी कलाम की शैली संगीतात्मक है, छन्दोबद्ध नहीं। इसी कारण इसकी भाषा भी संगीत के अत्यन्त ही अनुरूप है। सर्वत्र मधुर दृश्यों को प्रस्तुत करने वाले सुन्दर वर्णों वाली कविता का साम्राज्य दिखायी पड़ता है। यद्यपि फ़ारसी लिपि में छपी प्रस्तावना में इनकी कविता की भाषा का नाम ब्रज दिया गया है तथापि इस कविता में अन्य लोकभाषाओं जैसे अवधी, भोजपुरी आदि के शब्द तथा मुहावरे भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। उदाहरण के लिये सपरना (सम्पादित होना) क्रिया, चैनवा, रैनवा, नैनवा आदि शब्द, आये अबेर सिधारे सबेरे आदि भोजपुरी प्रवृत्ति के लक्षण हैं। अवधी के अभिलक्षण भी यहाँ हैं, जैसे– मोका, हमका, घर मा आदि। फ़ारसी मूल के शब्दों का विनियोग नहीं के बराबर है ताकि इनका देशी सौन्दर्य बच रहा है – जाने दे मोका तुराब सबर कर – जान लेहौं ईमान न लेहौं ॥

---

14 بر خیز ای ساقی بیا ای دشمن شرم و حیا– دیوان شمس غزل شماره ی 9

15 حدیثنبوی«كنت كنزاً مخفياً فاحببت أن أعرف فخلقت الخلق لكي أعرف»

16 اکر تو یار نداری چرا طلب نکنی؟ - اگر به یار رسیدی چرا طرب نکنی؟؟

17 هر کسی کو دور ماند از اصل خویش – باز جوید روزگار وصل خویش (مثنوی معنوی – دفتر اول – نی نامه)

वस्तुतः हिन्दी के राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित होने से पहले अधिकतर पूर्व, उत्तर तथा मध्य भारत की काव्यभाषा ब्रजभाषा ही थी। इसके अनेक क्षेत्रीय रूप भी थे। उदाहरण के लिये ब्रजबुली जो बङ्गाल, असम तथा उड़ीसा में प्रचलित ब्रजभाषा का क्षेत्रीय रूप थी। अतः काव्य की खड़ी बोली से अतिरिक्त भाषा को ब्रजभाषा कह देने का प्रचलन आम था। यद्यपि इन कविताओं में ब्रज भाषा के तत्त्व अधिक हैं फिर भी कवि भौगोलिक दृष्टि से चूँकि अवधी तथा भोजपुरी क्षेत्र से सम्बद्ध रहे हैं अतः इन भाषाओं के तत्त्वों का कवितामें आना नितान्त स्वाभाविक है। फ़ारसी में आकण्ठ मग्न होने के कारण हज़रत तुराब के इन देसी पदों में भी कहीं कहीं खाँटी फ़ारसी के शब्द तथा क्रियायें आ गयीं हैं। जैसे – मो अस प्यार सौं दर गुजरी में दर गुजरना मूलतः फ़ारसी क्रिया दर गुजश्तन(در گذشتن) से सीधे आनीत है।

कहीं कहीं तो आश्चर्यजनक रीति से हिन्दी के ये गीत फ़ारसी के तज़मीन (कविता पूर्ति – تضمین) के रूप में आये हैं। ध्यातव्य है कि ऐसे प्रसङ्गों में वे ही फ़ारसी छन्द चुने गये हैं जो संगीतात्मक तथा गेय हों। जैसे – मोरे नैन लागे गुइया केहू और संग काहे–जो तुराब का सजन है मोरा जी वही को चाहे। हमा शह्र पुर जे ख़ूबाँ मनमो ख़याले माहे – चे कुनम कि चश्मे बदबीं नकुनद बे कस निगाहे।[18] दूसरा उदाहरण है – कोऊ हँसत कोउ मुँह देख मोर रोवत है – नई पिरीत सौं प्यारे ये गत हमारी भई। तुराब बहुत बुरी होत है हिया की कसक – मोरे करेजे में छिन छिन उठत है पीर वई॥ दरूने सीने ये मन ज़ख़्मे बे निशाँ ज़द ई – बे हैरतम कि अजब तीरे बे कमाँ ज़द ई॥[19] गहे अब्रे तरो गाहे तरश्शुह गूना गह बाराँ – बिया दर चश्मे मन बिन्गर हवा ए बार्शगाली रा॥[20] हज़रत तुराब की यह पद्धति अमीर खुसरो से मन्सूब शेर ज़ि हाले मिस्कींकी बरबस याद दिला देता है ख़ासकर तब जब वे ख़ुद ख़ुसरो के एक शेर को बतौर तज़मीन प्रस्तुत करते हैं – सुख जो बरसात का किस्मत में न था मोरे बदा। भरी बरखा में वह परदेसी भया मोसे बिदा॥ जग में ऐसा न केहू और पे दुख डाले ख़ुदा। सहूँ मैं कैसे तुराब उसकी जुदाई की अदा ॥ अब्र मी बारदो मन मी शवम अज़् यार जुदा। मन जुदा गिरियाकुनाँ, अब्र जुदा, यार जुदा॥[21]

तुराब के कई पद एसे भी हैं जिनमें हिन्दी भक्ति काव्य की निर्गुण ज्ञानाश्रयी धारा के अभिलक्षण प्राप्त होते हैं जैसे योग साधना तथा गुरु भक्ति इत्यादि जैसे – जोगन हुइ के कैसे न बैठूँ मोका तो है बैराग रे। तथा सब रंग फीके तुराब के आगे। योग साधना का स्पष्ट आभास इस पद में मिलता है – चैन से सोवैं तुराब पिया संग – मूँद के अपने दसों दुअरवा॥[22] इन्द्रियों पर द्वार का आरोप उपनिषद् काल से चला आ रहा है – नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्।[23] भोजपुरी क्षेत्रों में ज्ञान सम्बन्धी ऐसे पदों को **निरगुन** के नाम से जाना जाता है। श्रीकृष्ण के लीला वर्णन सम्बन्धी पदों के बीच हज़रत तुराब के कई पद ऐसे हैं जिन पर निरगुन होने का गुमान होता है, जैसे – प्रेम का अक्षर एकौ न जाना –जनम गयौ सब गीत कथा में, औरकैसे मैं लागूँ पिया के गरवा – चुभ चुभ जात गरे का हरवा। गले का हार तक प्रिय के मिलन में बाधक हो जाता है अन्य सांसारिक सम्पत्तियों की तो बात ही क्या। वहाँ तो सब कुछ छोड़कर जाना पड़ता है।[24] ज्ञान ध्यान साहब का भूला – बेंध रहा मन मात पिता में॥ उपर्युक्त पङ्क्ति में साहब शब्द ध्यान देने योग्य है। यह कबीर पन्थ का पारिभाषिक शब्द है जो ब्रह्म के लिये प्रयुक्त होता है।[25] इस प्रकार के पदों तथा अन्यत्र भी कई स्थान पर अपने गुरु काज़िम, जो उनके पिता भी थे, का नाम ससम्मान आया है– काज़िम चाहें तो पीत निबाहें – तोसे तुराब न कछु सपरी॥ तथा काज़िम शाह दुहाई तुम्हारी॥ गुरुसामान्य का महत्त्व भी अनेकत्र वर्णित है – जब से दया की मोपर गुरु ने– तब से भयो मेरे बस मा सैंया। तथा गुरु की दया बिन कब निबहूँगी।

निम्नलिखित पङ्क्तियाँ ध्यान देने योग्य हैं। हरि तो हर कहीं दीख परत है। तथा हर मा रमो है राम री गुइयाँ,इस प्रकार परमेश्वर को हर जगह देख पाना आध्यात्मिक जगत् की सबसे बडी उपलब्धि है। भगवद्गीता के अनुसार –यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति। तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति॥[26] (जो मुझे हर जगह देखता है और मुझमें सब कुछ देख पाता है, मैं उसके लिये और वह मेरे लिये ओझल नहीं होते।)

---

18 همه شهر پر ز خوبان منم و خیال ماهی چه کنم که چشمِ بدبین نکند به کس نگاهی

19 درون سینه ی من زخم بی نشان زده ای – به حیرتم که عجب تیر بی کمان زده ای

20 گهابرتروگاهیترشهگونهگهبارانبیادرچشچمنبنگرهوایبارشگالیرا

21 ابر می بارد و من می شوم از یار جدا – من جدا گریه کنان ابر جدا یار جدا- امیر خسرو

22 तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः। श्रीमद्भगवद्गीता २–६१

23 श्रीमद्भगवद्गीता ५–१३

24 हारो नारोपितः कण्ठे मया विश्लेषभीरुणा । धर्मपाल – सदुक्तिकर्णामृतम्

25 उदाहरण के लिये – साहब सौं सब होत है बन्दे ते कछु नायँ– राई सौं परबत करे परबत राई मायँ । (कबीरदास)

26 श्रीमद्भगवद्गीता ६–३०

हज़रत तुराब के कलाम में भाव पक्ष के साथ कलापक्ष भी सबल है । उन्हें यमक अलंकार, जिसे फ़ारसी में तजनीसे ताम (تجنیس تام) कहते हैं, विशेष प्रिय है। कुछ उदाहरण प्रस्तुत है – "मान तुराब का कहना ईता / मान न कर वृषभानु किशोरी॥ यहाँ पहले मान का अर्थ मानना और दूसरे का अर्थ रूठना है। क्यों दई उनकी पीर दई। यहाँ पहला दई अर्थात् दैव = भाग्य जबकि दूसरा दई अर्थात् दिया है। मोरी बिथा सुन कान (=श्रीकृष्ण) कहत हैं – तोरि बिथा पर कान न दैहौं। जान के मोसे वह जान कहत हैं – कैसे कहूँ फिर जान न दैहौं॥ वारूँगी जान तुराब पिया पर जान दैहौं पर जान न दैहौं॥ सोवत जागत पी गरे लागत सोवत को अस दीन्ह सुहाग॥

हज़रत तुराब के लघुकाय काव्य में फ़ारसी कविता की समृद्ध परम्परा तथा मध्यकालीन सन्त साहित्य का अपूर्व समन्वय देखने को मिलता है। तौहीद तथा निर्गुण कथ्य को सगुण तथा साकार कृष्ण के रूपक के माध्यम से जो कवि ने प्रस्तुत किया है वह अद्भुत है। उनमें एक साथ निर्गुण–सगुण, प्रेमाश्रयी–ज्ञानाश्रयी सभी शाखायें अपने अभिलक्षणों के साथ प्रस्तुत हैं। उदाहरण के लिये सन्तकाव्य की सगुण शाखा की कृष्णाश्रयी प्रशाखा के भ्रमरगीत प्रसङ्ग के अन्तर्गत योग की भर्त्सना का उदाहरण हज़रत के यहाँ निम्नवत् प्राप्त होता है – पिउ से तो नित संजोग रहत है – जोग करे अब हमरी बलाय। कई पङ्क्तियाँ फ़ारसी के महाकवियों की बरबस याद दिला देती हैं – औगुन सौं अब काहें लजाऊँ। पिउ जो चाहे मिटा दे औगुन, में हाफिज की पङ्क्ति – गर तू न मी पसन्दी तग़यीर कुन् क़ज़ा राउद्धासित[27] हो उठती है। इसी तरह,दर्द तुराब की क्या जाने वह देखे जो नारी बैद अनारी से अमीर खुसरो का शेर याद आ जाता है – अज़ सरे बालीने मन बर ख़ीज़ ऐ नादाँ तबीब। दर्दमन्दे इश्क़ रा दारू बजुज़ दीदार नीस्त॥[28] शाह तुराब के कलाम में भारतीय तथा अन्य सन्त परम्परायें शीरो–शकर की तरह घुल मिल कर उसे रस्य बना रहीं हैं। उनके कलाम का पैराया इतना विस्तृत है कि उसके लिये कोई ग़ैर नहीं है।

तुराब शाह जैसे सन्त कवि जो मुस्लिम समाज से सम्बद्ध होकर समाज के सभी वर्गों के पथप्रदर्शक तथा प्रिय रहे उनका बहुत बड़ा योगदान यह रहा है कि उन्होंने भारतीय मुस्लिम जनता को मूल के साथ जोड़े रखकर उसे भारत के मौलिक सांस्कृतिक रंग से परिचित कराया । इससे उद्धासित हिन्दी रंग ने इस्लामी संस्कृति को आकर्षक बनाया तथा भारतीय समाज में इस्लाम की स्वीकार्यता सामाजिक स्तर पर ही सही बढ़ी और दो बड़ी संस्कृतियों का पारस्परिक अपरिचय कम हुआ । आज निरन्तर बढ़ते हुए असहिष्णुता, अपरिचय तथा सन्देह के दौर में शाह तुराब का हिन्दी कलाम प्रासङ्गिक ही नहीं बल्कि आवश्यक भी हो गया है ।

चयनित सन्दर्भ –

1. श्रीमद्भगवद्गीता –(शाङ्करभाष्योपेता)मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली –११०००७
2. अमृत–रस – हज़रत शाह तुराब अली कलन्दर तुराब काकोरवी की ठुमरियाँ – मोहतमिम कुतुबख़ाना ए अनवरिया, लखनऊ
3. *Divan e Hafiz (Persian) – Ed. Prof. Pervez NatilKhanlari , Second Print – 1375 Hijri, Niel Publication – Tehran*
4. नीशापूरी , फ़रीदुद्दीन अत्तार (सं॰) फ़रूज़ान फ़र, बदीउज्ज़मान – दीवाने अत्तार (सूफ़ी काव्य) – मुवस्ससेये इन्तिशाराते निगाह , तेहरान – १३९० हिजरी ।
5. मौलाना , जलालुद्दीन मुहम्मद इब्ने मुहम्मद (व्या॰) नसीरी, जाफ़र ;शरहे मसनवी ए मानवी (दफ्तरे यकुम), इन्तिशाराते तर्फ़न्द , – तेहरान , १३८० हिजरी ।
6. मौलाना, जलालुद्दीन मुहम्मद इब्ने मुहम्मद (सं॰) निकोल्सन ,आर॰ ए॰;मसनवी ए मानवी–पादानुक्रमसहित, मास्को संस्करण, इन्तिशाराते हिरमिस , (चतुर्थ संस्करण) १३८६ हिजरी ।

६. मौलाना, जलालुद्दीन मुहम्मद इब्ने मुहम्मद (सं॰) कदकनी, मुहम्मद रज़ा शफ़ीई – दीवाने शम्स तबरीज़ (मौलाना के दीवान का संक्षिप्त तथा सटिप्पण संस्करण) , इन्तशाराते सुख़न– तेहरान, १३८८ हिज़री ।

27 گر تو نمی پسندی تغییر کن قضا را – دیوان حافض

28 از سر بالین من بر خیز ای نادان طبیب – دردمند عشق را دارو بجز دیدار نیست– امیر خسرو



Sadbhavana with self

Image Courtesy: Uploaded by Syed Hamaad Khan on Dialogue Time

जाति न पूछो साधु की

Rajneesh Bisht

आजा री निंदिया तू आ क्यों ना जाती
मुन्ने को मेरे सुला क्यों ना जाती
आती हूं बीबी,आती हूं मैं
मुन्ने को तेरे सुलाती हूं मैं

यह लोरी सुनकर हिंदू बच्चा भी सो जाता है मुस्लिम बच्चा भी जानते हैं यह किसने लिखी है... अमीर खुसरो ने... सूफी थे.

सूफी-संत श्रमजीवी थे...मेहनतकश...वो धार्मिक कर्मकांडो से कमाने वाले लोग नही थे..पर इतना कमा गए की आज भी हम कर्ज़दार है. सदियों से भारतीय एवं एशियाई लोगों के भीतर एक सत्य, प्रेम,विद्रोह और भक्ति की चेतना जगा गये, जो आज भी हमारे भीतर बसी है. वो आम लोगों की ज़िन्दगी का हिस्सा बन गये.

उनके मीठे बोल,खुरदरे शब्द बरसों से जैसे सद्भावना,मोहब्बत,एकता,शांति जैसी नियामते बांट गए हो..दे गए प्रेम की विरासत, जीवन को जीने के अर्थ ,जीने का एक मुक्त अंदाज़...बड़े छोटे के भेद के बिना, सहजता से..बराबरी से कोई पलट के कमाल कर देता है..

कहते है पलटू दास ने अपने शरीर, अपने मन को पूरी तरह से बाहर से भीतर और नीचे से ऊपर की ओर मोड़ लिया,पलटू दास की सूरत दुनिया भर के सुखों से पलटकर भीतरमन की गहराईयों में जा फंसी.

ये तो पलट गया, यह तो पलटू बन गया है
गुरु ने कहा

उस समय से ही इनका नाम पलटू मशहूर हो गया है उन्होंने खुद अपनी वाणी में सतगुरु से मिले नाम का ही इस्तेमाल किया जो उनकी सतगुरु भक्ति के लिए प्रेम का भी प्रतीक है.

कौन करे बनियाई अब मोरे, कौन करे बनियाई
त्रिकुटी में है भरती मेरी, सुख मन में है गादी
दसये द्वारे कोठी मेर, बैठा पुरुष अनादि
इंगला पिंगला पलरा दूनो, लागी सुरती की ज्योति
सत सबद की ढयोडी पकरौ, तोलौ भरी-भरी मोती
चांद सूरज दो करें रखवारी, लगी संत की ढेरी
तुरिया चढ़ीके बेचन लागा, ऐसी साहिबी मेरी
सतगुरु साहिब किया सिपारस, मिली राम मोदियाई
पलटू के घर नौबत बाजे, नित उठी होती सवाई

बनिया से पलट के संत बन जाता है और अपना नया ही तोल मोल बतलाता है.

डाल-डाल अल्लाह लिखा है,पात-पात पर राम
कउन चिरैया असगुन बोली जंगल जला तमाम

सूफी संतो ने खुद को मुक्त किया वर्ग,धर्म,जाति के बंधन से.श्रमजीवी...मेहनतकश थे, खुद कमाते थे तो किसी के दास नही थे. वो जालिम राजाओं को फटकार तक लगा देते थे,

जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी
वह नृप अवसि नरक अधिकारी
-संत तुलसीदास

सूफी संतों की दुनिया बहुत बड़ी है खुली है, प्रकृति की तरह, बाहें खोले.उन्होंने इस दुनिया और उसमे हो गये बटवारे पर कभी यकीन नही किया. सबके लिए सांस लेने की जगह है. प्रेम और विद्रोह एक साथ. प्रेम विद्रोह से निकला है या विद्रोह प्रेम से, दोनों साथ साथ चलते हैं. विद्रोह उन मान्यताओं से जो प्रेम और सत्य को दबाती है,जड़ता बनती है और धीरे धीरे पूरे समाज को जकड़ लेती है.

सत्य जो सबके भीतर है पर अहंकार और भेदभाव से वो बेराह हो जाता है. सूफी संत अपना रास्ता अलग बनाते हैं जहां ना भेदभाव है ना कोई वर्ग विशेष.

क्या दृश्य रहा होगा जब कबीर अपने गुरु रामानंद से मिले होंगे!
(कबीर सीढ़ियों पर बैठे हैं तभी किसी का पैर लगता है)

कबीर -राम राम
रामानंद - कौन
कबीर -आप कौन?
रामानंद - रामानंद (कबीर उनके पैर पड़ जाते हैं)
कबीर - महाराज अपना शिष्य बनाएंगे
कबीर- **तू ब्राह्मण में काशी का जुलाहा**
हिंदू कहो तो मैं नहीं मुसलमान भी ना ही
पांच तत्व का पुतला गौबी खेले मोबी
रामानंद- **जाती पाती पूछे ना कोई**
हरि को भजे सो हरि का होई

कबीर को गुरु और गुरु मंत्र मिल गया था, और सदगुरु को शिष्य. क्यूंकि गुरु की पहचान भी तो शिष्य से ही है.

तुलसीदास जब रामचरितमानस अवधी में लिख रहे थे ताकि आम लोग भी राम कथा सुन सके. तो काशी के पंडे नाराज हो गए,पर तुलसीदास नहीं माने.

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
का की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ॥
तुलसी सरनाम गुलाम है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ*।
माँगिके खैबो मसीत† को साइबो लैबे को एक न देवे को दोऊ॥

अर्थ- चाहे कोई धूर्त बतावे या अवधूत (फ़क़ीरर) कहै या रजपूत कहै, किसी की लड़की से मुझे लड़का ब्याहकर उसकी जात नहीं बिगाड़ना है। तुलसी तो राम का गुलाम प्रसिद्ध है, जिसका जो जी चाहे सो कहै; माँगकर खाता है, मज़े से सोता है। उसे न लेना एक है न देना दो। (अन्य पाठ मजीत को सोइबो अर्थात् मसजिद जहाँ सब की गम्य है ऐसे स्थान पर सोना।)
सूफी-संत आम लोग थे और आम लोगों के बीच ही जीते थे वो ऊँचे समाँज की नैतिकता लादकर नीचले समाज में नही थोपते थे.बल्कि समाज से जुड़कर उनकी जड़ता की गाँठ खोलते थे.जहाँ एक वर्ग समाज को उलझाने में ल्क्गा रहा वहीँ सूफी-संत सुलझाने में.

तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आँखिन की देखी ।
मैं कहता सुरझावन हारि, तू राख्यौ उरझाई रे ।

माना जाता है जनभाषा में रामायण रचने भूख से मरते भ्रम हत्यारे को भोजन कराने बिना छुआछूत की परवाह किए काशी प्लेग महामारी में जन सेवा के लिए अखाड़ों की स्थापना करने,अपने आराध्य की जन्म स्थान मस्जिद में फकीरों के साथ रहने आदि के कारण तुलसीदास पर बहुत प्रहार हुए उनकी जाति पर प्रश्न उठाए गए कुलटा ब्राह्मणी की राजपूत संतान जैसी गालियां दी गई तुलसी की अभिव्यक्ति इंजन जा बातों के उत्तर में है.

मेरे जाति पाँति, न चहौं काहू की जाति पाँति,
मेरे कोऊ काम को न हौं काहू के काम को।
लोक परलोक रघुनाथ ही के हाथ सब,
भारी है भरोसो तुलसी के एक नाम को॥
अति ही अयाने उपखानो नहिं बूझैं लोग,
साहही को गोत गोत होत है गुलाम को।

अर्थ- मेरी कोई जाति पाति नहीं है और ना मैं किसी की जाति पाति चाहता हूं.कोई मेरे काम का नहीं है, न मैं किसी के काम का हूं.मेरा लोक परलोक सब राम के हाथ है. तुलसी का को तो एकमात्र राम नाम का ही बहुत बड़ा भरोसा है लोग अत्यंत गवार हैं कहावत भी नहीं समझते कि जो गोत्र स्वामी का होता है वही सेवक का होता है साधु हूँ अथवा साधु,भला हूं अथवा बुरा इसकी मुझे कोई परवाह नहीं मैं जैसा कुछ भी हो राम का हूं क्या मैं किसी के दरवाजे पर पड़ा रहा हूं.

नानक और मरदाना एक ही गांव में पैदा हुए. ये तलवंडी में हुआ.तब गांवों सब मिलजुलकर रहते थे. करीब 300-400 साल पहले हमारा सामाजिक ढांचा खासी अलग और भाईचारे वाली होती थी.

नानक और मरदाना दोनों बचपन के दोस्त थे. हालांकि मरदाना बड़े थे. ऐसे भी बचपन की दोस्ती ना तो धर्म की दीवारों को मानती है और ना ही ऊंच-नीच को. नानक बड़े और अमीर खानदान से वास्ता रखते थे तो मरदाना उस मुस्लिम मरासी परिवार से ताल्लुक रखते थे, जो गरीब थे और जिनका ताल्लुक संगीत के साजों से था. बाबा नानक जहां भी कहीं बाहर यात्राओं पर गए. भाई मरदाना हमेशा उनके साथ रहे.

श्री गुरु नानक देव जी के (बचपन के) सच्चे साथी भाई मरदाना जी सारी उदासीयों में गुरु जी के अंग-संग रहे हैं. उन्होंने गुरु साहिब के संग देश विदेश का लगभग 40000 किलोमीटर का सफर पैदल तय किया .भाई मरदाना जी ने गुरु नानक देव जी की वाणी को अपने साज़ में महसूस किया. जब भी गुरु साहिब के हृदय में बानी उठती, वह भाई मरदाना से कहते हैं **'मर्दानियाँ रबाब उठा बानी आई है'** गुरु नानक देव जी का हुकुम पाकर भाई मरदाना जी की रबाब झंकृत होती और गुरु जी के मुख से पानी की वर्षा होती. कहते है की मरदाना जी ने ही गुरु नानक को कबीर और रैदास के भजन गाकर सुनाए. जहाँ भाई साहब को गुरु साहिब की बाणी को 19 रागों में बांधकर गाने का शर्फ़ हासिल है वहीं उन्हें गुरु नानक दरबार के प्रथम कीर्तनयें होने का भी मान प्राप्त है.

मीरा जो एक राज परिवार से थी राजरानी थी. रैदास को गुरु बनाती है रैदास चमर (चमार) जाति के थे सदियों की सामाजिक जड़ता तोड़कर मीरा जैसी राजरानी एक चर्मकार के सामने झुकती है
मीराबाई कहती हैं :-

– 'गुरु मिलिआ संत गुरु रविदास जी, दीन्ही ज्ञान की गुटकी.'
– 'मीरा सत गुरु देव की करै वंदा आस.
जिन चेतन आतम कहया धन भगवन रैदास..'

मीराबाई का संत रविदास को गुरु मानना से ना सिर्फ संत रविदास की महानता का पता चलता है,राजपूत एवं राज परिवार की सदस्या मीराबाई का अछूत समाज में जन्मे संत रविदास को अपना गुरु मानना किसी ऐतिहासिक घटना से कम नहीं है.क्या चमक होगी रैदास में जिसको मीरा गुरु कहे....क्या यह उतना आसान रहा होगा? पर सद्गुरु तो बड़ी मुश्किल से मिलता है.मीरा तो पाने गुरु

को पहचान गयी थी ये अपने समय का कितना बड़ा विद्रोह होगा, पर प्रेम के लिए विद्रोह जरूरी है जो जाति वर्ग का भेद नहीं मानता. रैदास का **बेगमपुरा** भी एक ऐसा ही सपना है... बराबरी और आदर्श समाज का.

रैदास जी ने काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार पर जीत हासिल करके,खुशहाल समाज का सपना देखा और कल्पना की. जहां कोई छोटा-बड़ा न हो, चारों ओर खुशहाली ही हो। गुरु रविदास जी के अनुसार बेगमपुरा एक ऐसा शहर है जहां कोई गम नहीं है।

बेगम पुरा सहर को नाउ।।
दूखु अंदोहु नहीं तिहि ठाउ।।
नां तसवीस खिराजु न मालु।।
खउफु न खता न तरसु जवालु।।*1*।।
अब मोहि खूब वतन गह पाई।।
ऊहां खैरि सदा मेरे भाई ।।*1*।। रहाउ।।
काइमु दाइमु सदा पातिसाही।।
दोम न सेम एक सो आही।।
आबादानु सदा मसहूर।।
ऊहां गनी बसहि मामूर।।*2*।।
तिउ तिउ सैल करहि जिउ भावै।।
महरम महल न को अटकावै।।
कहि रविदास खलास चमारा।।
जो हम सहरी सु मीतु हमारा।।*3*।।

गुरु रविदास जी फरमान करते हैं कि जिस आत्मिक अवस्था वाले 'शहर' *(*माहौल, समाज*)* में मैं बसता हूं उसका नाम 'बेगमपुरा' है। वहां न कोई दुख है, न कोई चिंता और न ही कोई घबराहट है। वहां किसी को कोई दर्द नहीं है। वहां कोई जायदाद नहीं है और न ही कोई कर लगता है। वहां ऐसी सत्ता है जो हमेशा रहने वाली है। वहां कोई श्रेणी-भेद नहीं है। गुरु रविदास जी फरमान करते हैं कि ऐसी खुशनुमा आबो-हवा वाले 'शहर' में जो रहेंगे वही हमारे मित्र हैं। तात्पर्य यह है कि प्रभु-मिलाप वाली आत्मिक अवस्था में सदैव आनंद ही आनंद बना रहता है।

रैदास जी ज़िन्दगी भर बेगुम्पुरा का ख्वाब बांटते नजर आये.एक मुक्त बराबरी का समाज इंसानियत और मोहब्बत जहाँ बस्ती हो और जहाँ नफरत घृणा भेदभाव और उंच नीच के लिए कोई जगह ना है,जहाँ समानता और एकता अमाई हो.गुरु रविदास जी जीवन भर एक ऐसे आदर्श समाज की संरचना एवं संभाल में संलग्न रहे जहां घृणा, भेदभाव और शत्रुता,बैर नहीं है, समता और एकता का ही बोलबाला है।

कई महान कविताओं व भारत के राष्ट्रगान के रचयिता गुरु रवींद्रनाथ टैगोर से एक बार मशहूर फिल्म कलाकार बलराज साहनी, जो तब शांति निकेतन में अध्यापक थे, ने पसवाल किया कि जिस तरह भारत का राष्ट्रगान उन्होंने लिखा है तो क्यों न पूरी दुनिया के लिए भी एक विश्वगान भी लिखें? इस पर उन्होंने कहा कि वह तो बहुत पहले ही लिखा जा चुका है, १६वीं शताब्दी में गुरु नानक ने मात्र विश्व ही नही बल्कि पूरी कायनात के लिए गीत लिखा है.यह मात्र इस विश्व ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के लिए गान है। गुरुदेव टैगोर इस आरती से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने खुद बांग्ला में इसका अनुवाद भी किया।

गगन मै थालु, रवि चंदु दीपक बने,
तारका मंडल, जनक मोती।
धूपु मलआनलो, पवण चवरो करे,
सगल बनराइ फुलन्त जोति॥
कैसी आरती होइ॥
भवखंडना तेरी आरती॥
अनहत सबद बाजंत भेरी॥

अर्थ- आकाश रूपी आरती के थाल में सूर्य और चंद्र दीपक के समान प्रज्ज्वलित हैं, तारा मंडल मोतियों की तरह शोभायमान हैं। मलय पर्वत से आती चंदन की सुगंध ही धूप है, वायु चंवर कर रही है, समस्त वनों की सम्पूर्ण वनस्पतियाँ तुम्हारी आरती के निमित्त फूल की तरह अर्पित हैं। अनहद शब्द भेरी की तरह बज रहा है। हे भवखंडन*!* तुम्हारी आरती की भव्यता का किस तरह वर्णन किया जा सकता है!

वो सदियों से हमरे जीवन का हिस्सा रहे है,लाल दद के बिना कश्मीरियत अक्का महादेवी के बिना कन्नड़,नरसी मेहता के बिना गुजराती,बाबा बुल्लेशाह के बिना पंजाबी संत चोखा मेला के बिना मराठी को नही देखा जा सकता.और ऐसे ही अन्य भाषाओ को उनके सूफियो को बिना नही समझा जा सकता.लगभग हर हिंदी भाषी बच्चे ने अमीर खुसरो की पहेलियान, मुकरियां और उलटबासियाँ कभी न कभी सुनी होगी.

एक थाल मोतियों से भरा,
सबके सर पर औंधा धरा।
चारों ओर वह थाली फिरे,
मोती उससे एक न गिरे।
उत्तर – आसमान

गोल मटोल और छोटा-मोटा,
हर दम वह तो जमीं पर लोटा।
खुसरो कहे नहीं है झूठा,
जो न बूझे अकिल का खोटा।।
उत्तर - लोटा।

श्याम बरन और दाँत अनेक,
लचकत जैसे नारी।
दोनों हाथ से खुसरो खींचे
और कहे तू आ री।।
उत्तर - आरी।

मुकरी
नंगे पाँव फिरन नहिं देत
पाँव से मिट्टी लगन नहिं देत
पाँव का चूमा लेत निपूता
ऐ सखि साजन*?* ना सखि जूता!

आज भी सूफी-संतो के गीत आज के युवाओं के दिल में बसते है.चाहे वो फिल्मे हो या रॉक बैंड हो, संगीत मंडलियाँ हो या लोकगीत.सूफी-संत हर जगह मौजूद है .युवाओं के मशहूर कार्यक्रम होप म्यूजिक में आज भी सबसे ज्यादा बाबा फरीद,बुल्लेशाह,मीरा,रैदास इत्यादी के गीत गाये जाते है. सूफियो का वहां भी बोल बाला है.

सूफी संत इन्सान और इंसानियत को पहचानते थे इसीलिए उन्होंने हमेशा इंसान को जाती,धर्म और भेदभाव से ऊपर देखा है. इसीलिए उनकी भाषा भी मिलीजुली रही है.

सूफी संत आज़ाद पंछी रहे है,खुले आकाश में आज़ादी से उड़ान भरने वाले.पर उनके पाँव की छाप ज़मीन पर सुन्दर निशान बनती है.और बताती है की ज़मीन से उड़ान भरना क्या होता है!

सबके अपने अपने अंदाज़ रहे है, अपने अपने तेवर पर एक चीज़ जो सामान रही है वो है प्यार *!* जीवन से, जीवों से और इंसान से. वो इंसान को जाती-पाती,धर्म से ऊपर देखते है.

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान,
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान।
-कबीर



Image Courtesy: Created by Suman Mishra on Osho World

“One Water in Many Vessels”
Kabir in Popular Music (Excerpts)

Vivek Virani

Kabīra Kuā ek hai, panihāri anek
Bhartan sab ken yāre hai, pānī sab meṅ ek
Kabir says – there is one well, but many water-carriers
Each bears a different vessel, but the water in all is the same

- Kabir sākhī

Vedanth and Bindhu: Kabir Unplugged

Listen: Vedanth’s fingers slide, strum, and slap across his guitar’s thick steel strings as he plays a twelve-bar blues lick in E major. He allows the chords to ring out, so the audience can appreciate the space between them. His silky, clear voice contrasts with the raw, percussive sound of the guitar as he sings:

Bhajo re bhaiyā Rāma Govinda Hari
Jap tap sādhan, kacchu nahīṅ lāgat, kharchat nahīṅ gaṭharī
santat sampat sukh ke karan jaso bhool bhayii
Rām nām ko sumiran kar le, sir pe maut khaḍī
Kahat Kabir Ram na jā mukh, tā much dhūl paḍhī

Sing oh brothers, the names of God: Ram, Govinda, Hari
Chanting, spiritual penance and practice, these require no expense
Forget progeny and wealth, these will not bring you happiness
Remember the name of God – for death is standing on your head
Kabir says: the face that does not go to God,
That face will become nothing but dust

- Kabir bhajan

His voice swoops over the chords, effortlessly matching the blues progression, while retaining its unmistakably Carnatic character. Bindhu, sitting beside him, joins during the chorus, singing sweeping melismas in the spaces Vedanth leaves between lines. A palpable thrill sweeps through the concert hall as Vedanth calls out the line, “death is standing on your head.”

The two singers sit alone on a large, wooden stage. They are performing as part of a program called Anand Lahiri (Waves of Bliss) organized by a Hindu organization in honor of its Guru. Most of the attendees are upper middle-class Hindus from around Mumbai, although there is

a concentrated group of more “hippie” types in the second row: Vedanth and Bindhu’s fans from the Mumbai Kabir family. Within this performance context, Kabir is a devotee, urging fellow devotees to turn their focus to God before it is too late. The bhajan contains many of Kabir’s signature elements: the biting wit, the bold challenge to the listener, the preoccupation with death.

Yet, this bhajan is not interested in overturning the status quo or in any other discernible social action. It is purely devotional; the message is - think of God and sing His name. The specific names used may even categorize Kabir as a devotee of Vishnu.

Partha Chatterjee has argued that in the process of resisting colonial rule, nationalists conceptually divided social life into two domains: 1) a material/political exterior and 2) a spiritual/artistic interior (Chatterjee 1993). He suggests that in response to their apparent inferiority in the former arena, Indians claimed superiority in the latter arena, appropriating colonial Orientalist perspectives on Indian culture and subverting them for their political benefit. This binary paradigm has been threatened since the time of Chatterjee’s writing by the rise of sectarian and fundamentalist political discourse, but it has endured to large extent; much of India’s middle-class still perceives spirituality as entirely divorced from politics, if only at an ideal level. Anna Schultz refines Chatterjee’s model in her ethnography of rāṣhṭrīya kīrtankār-s (nationalist devotional singers) in Maharashtra. Schultz suggests that while Chatterjee’s binary does apply to upper-class Indian society, among non-elite and especially rural populations, political movements have always been characterized by, rather than separated from, spirituality and devotion (ibid., 9-10). Ethnographies of other lower-class, rural, or subaltern devotional music traditions in India support Schultz’s claim (Dube 1998; Khare 1984; Schaller 1995; Sherinian 2014; Zelliot 1995).

In the villages of Malwa, Kabir is mystical, devotional, and political all at once. Here, in front of a middle-class Hindu crowd in a modern concert hall, the devotional Kabir is celebrated and the political is excluded (and largely unknown). The urban middle class Kabir joins a pantheon of *bhakti* saints – Meera, Nanak, Surdas – whose messages have been reconfigured to suit India’s post-Independence social ideals of inclusivity and “domestic virtue” (Hawley 1995b, Lutgendorf 1995; Pritchett 1995). Vedanth and Bindhu’s performance at Anand Lahiri generally falls within this category; songs of Kabir, Namdev, Meera, and Amir Khusrau are presented as the voices of ideal spiritual devotees, not social critics.

However, while their performance upholds the political versus spiritual binary described by Chatterjee’s model, this has become de-linked from the related Western/modern versus Indian/traditional binary. Narayanaswamy and Bharadwaj are singing spiritual music, but they are also singing American blues. The only instruments on stage are a guitar and a banjo. This indicates that the Indian middle-class conception of political and spiritual as separate spheres has lingered in the national consciousness, but has become dissociated from the explicitly nationalist concerns that birthed it.

In the decades since independence, it has become possible for performers and audiences to relate to “traditional” spirituality through idioms that are simultaneously Western and Indian. The presence of Sant poetry is an important part of this equation, as it legitimizes the performance as part of an established and widely loved spiritual tradition. I do not mean to suggest that Western musical instruments or elements were entirely absent from Indian devotional music until now. Devotional songs in Bollywood movies, for example, were arranged orchestrally in the manner of much Indian film music from the 1950s onward. Even Anup Jalota, the model professional devotional recording artist, consistently includes acoustic guitar in many of his tracks. However, I suggest the music under discussion in this chapter crosses into the territory of Western popular music to an unprecedented extent, with regards to its musical structure as well as its presentation and contextualization.

Born in the early 1980s, Narayanaswamy and Bharadwaj are part of the generation of Indians whose artistic and cultural sensibilities were shaped during a critical transition period in India’s encounter with global popular culture. Both were born in a time and environment in which they perceived the world of Indian culture / spiritual music as entirely separate from the world of Western culture / popular music. Their personal artistic paths illustrate the way that India’s urban middle class has begun to embrace “Westernized” popular music as an entirely legitimate context for religious performance.145 Both Narayanaswamy and Bharadwaj shared accounts of their musical journeys categorized by the presence of cultural boundaries, and the subsequent crossing of those boundaries facilitated, rather than hindered, by their endeavor towards spiritual exploration.

(Editor’s Note – Vivek provides us with backgrounds to family life and musical training for both Vedanth and Bindhumalini here, which we are skipping, although we recommend the readers to go through them. We move to the discussion around their coming together to perform and their connection with Kabir.)

(365) 'Naiharva' by Bindhumalini & Vedanth - YouTube

